कार्यक्षेत्र एंव कार्यावधि निम्न प्रकार होगा।

1. ट्रस्ट का नाम : मंगला नर्वदेश्वर जन सेवा ट्रस्ट,

2. ट्रस्ट का पता : ग्राम उदयपुर महमूदपुर, पोस्ट शिवपाल, तहसील जलालपुर, जिला अम्बेडकरनगर, पिन–224149

3. ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र : सम्पूर्ण भारत वर्ष।

4. ट्रस्ट का उद्देश्य एवं लक्ष्य:–

1. ट्रस्ट द्वारा गरीब और अनाथ बालक/बालिकाओं के लिए शिक्षा की निःशुल्क व्यवस्था करना एंव पोषण एवं प्रशिक्षण देना।
2. ट्रस्ट द्वारा माध्यमिक एंव केन्द्रीय विद्यालय आदि का संचालन एंव प्रबन्ध करना।
3. ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के प्रति पूर्ण रूझान, लगन और उत्साह पैदाकर साक्षरता अभियान को सफल बनाने में सरकार का सहयोग करना।
4. ट्रस्ट द्वारा शैक्षिक नैतिक एंव सामाजिक स्तर के सुधार हेतु ज्ञानवर्धक पुस्तकों का भण्डारण करना तथा उसके माध्यम से लोगो मे जागृति का संचार करना।
5. ट्रस्ट द्वारा वृद्ध असहाय तथा अक्षम महिलाओं एंव पुरूषों हेतु वृद्धाश्रम, संरक्षण गृह आदि की स्थापना एव संचालन करना।
6. ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण का प्रयास करना। नदियो जलाशयो की सफाई मलिन बस्ती का सुधार, वृक्षारोपण आदि के कार्यकम चलाना।
7. ट्रस्ट द्वारा ग्राम्य विकास के लिए कार्य करना कमजोर एंव निर्बल वर्गो को निःशुल्क आवास की व्यवस्था ऊसर भूमि सुधार कार्यकम चलाना और भूमि संरक्षण का प्रयास करना।

Vishal –

8. ट्रस्ट द्वारा महिलाओं को जागरूक बनाने हेतु जागरूकता शिविर लगाना। परिवार नियोजन सम्बन्धी जानकारी दिलाना। शिशु पालन गृह का संचालन करना।
9. ट्रस्ट द्वारा समाजोत्थान हेतु संगोष्ठियो परिचर्चाओं आदि का आयोजन करना।
10. ट्रस्ट द्वारा सम्प्रदायिकता के विनाश एंव राष्ट्रीय एकता अखण्डता एंव बन्धुत्व के प्रचार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करना।
11. ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के लिए विशेष उद्यमिता विकास अभियान चलाने हेतु तकनीकी व गैर तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना करना, तथा महिलाओं के लिए सरकारी सहायता के प्रति जागरूक करना तथा महिला/दलित महिला के श्रम का श्रमार्जन करना।
12. ट्रस्ट द्वारा महिलाओ के सहभागिता पर आधारित कार्यो को बढ़ावा देने तथा महिला सशक्तिकरण हेतु तकनीकी शिक्षा, पौष्टिक आहार पोषण, शुद्ध खाद्य पदार्थो का उपयोग स्वास्थ्य उत्थान, महिला समृद्धि योजना, ग्रामीण महिला विकास कार्यक्रमों/परियोजनाओं का क्रियान्वयन/कार्यान्वयन व संचालन करना।
13. ट्रस्ट द्वारा विकलागों मूक बधिरों, नेत्रहीनों, मंद बुद्धि, मानसिक रोगियों व कुष्ठ रोगियो के कल्याण हेतु सामाजिक शैक्षिक एंव आर्थिक विकास सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा व समान अवसर अधिकार संरक्षण व पूर्ण भागीदारी पर जोर देना ताकि शिक्षा तकनीकी, शिक्षा रोज़गारपरक प्रशिक्षण, आरक्षण, अनुसंधान व मानवशक्ति विकास स्वच्छ शान्ति वातावरण सुरक्षा का दायित्व प्रदान करना। जिससे ये लोग समाज में प्रतिस्थापित हो और स्वावलम्बी बन सकें। जैसे कार्य करना।
14. ट्रस्ट द्वारा गो रक्षा को प्रोत्साहन, जागरूकता तथा गौशाला का निर्माण करना
15. ट्रस्ट द्वारा पशु पालन, एग्रीकल्चर तथा दवाओं का उत्पादन पशुओं एवं कृषि के रख रखाव व विकास हेतु हर प्रकार का कार्य करना।
16. ट्रस्ट द्वारा भारतीय संस्कृति के मूलाधार गो गंगा एवं ग्रामीण जीवन के प्रति जागरूकता एवं सुधार के उपाय गौशाला स्थापित करना एवं गौ–पालन के प्रति समाज में जागरूकता एवं प्रोत्साहन करना। संस्थान द्वारा सभी प्रकार की दैवीय आपदा में लोगों/पीड़ितो की हर सम्भव सहायता करना।
17. ट्रस्ट द्वारा विद्यालय परिसर में युवक/युवतियों एंव बालक/बालिकाओं के लिए खेलकूद व्यायामशाला तथा मनोरंजन के साधनों को उपलब्ध कराने का प्रयास करना।
18. ट्रस्ट द्वारा प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं के समुचित शिक्षा व्यवस्था में भरपूर मदद करना।
19. ट्रस्ट द्वारा लाइब्रेरी, खोलने की व्यवस्था करना तथा उसका संचालन करना।
20. ट्रस्ट द्वारा बालक/बालिकाओं का सामाजिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक, बौद्धिक, शैक्षिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक विकास करना।
21. ट्रस्ट द्वारा ज्ञानवर्धन हितार्थ, पुस्तकालय एंव वाचनालय की व्यवस्था करना।
22. ट्रस्ट द्वारा गरीबी अथवा अन्य कारण वश शिक्षा न प्राप्त करने अथवा बीच में ही छोड़ देने वाली महिलाओं बालिकाओं हेतु संक्षिप्त पाठ्यक्रम कन्डेन्स कोर्स चलाना।
23. ट्रस्ट द्वारा ग्रामीण अर्थ व्यवस्था के अनुरूप प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, स्नातकोत्तर शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्रबन्धकीय शिक्षा, कृषि शिक्षा, आदि के संचालन हेतु भवन निर्माण करना व प्रबन्धकीय व्यवस्था करना।
24. ट्रस्ट द्वारा श्रर्मिक वर्ग, खेतिहर वर्ग, निर्बल वर्ग, अल्पवर्ग, महिला वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति आदिवासी, मलिन वर्ग एंव गरीब सभी जाति वर्ग के लोगों हेतु तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा की व्यवस्था करना तथा संचालन करना।
25. ट्रस्ट द्वारा हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी भाषाओं के माध्यम से प्राइमरी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा की व्यवस्था एवं संचालन करना।
26. ट्रस्ट द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु विद्यालय, महाविद्यालय आदि का संचालन एंव प्रबन्ध करना।
27. ट्रस्ट द्वारा पैरा मेडिकल, मेडिकल चिकित्सालय, डेन्टल कालेज, इन्जीनियरिंग कालेज, लॉ कालेज, मैनेजमेंट कालेज, अल्पसंख्यक विद्यालयों, आवासीय विद्यालयो, बी0टी0सी0, बी0एड0, टेक्निकल कालेजों एंव अन्य व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना निःशुल्क करना एवं उसका संचालन व प्रबन्ध करना।
28. ट्रस्ट द्वारा श्री हनुमान जी मन्दिर के विकास हेतु आवश्यक कार्य करना।